>

Title: Need to formulate a scheme for cleaning Godavari river in Maharashtra.

श्री चन्द्रकांत खैरे (औरंगाबाद) : सभापति जी, मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधानमंत्री जी और आदरणीय उमा भारती जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं और उनका अभिनंदन करूंगा कि एनडीए सरकार ने 80 हजार करोड़ रुपए का गंगा सफाई के लिए बहुत बड़ा प्रोजेक्ट तैयार किया है। इसी तरह से महाराष्ट्र में गोदावरी नदी है, जो त्रियम्बकेश्वर से निकलती है, जो कि नासिक, कोपरगांव, पैठन, नांदेड़ और उसके बाद आंध्र प्रदेश में जाती है, जिसके बाद बंगाल की खाड़ी में गिरती है। गोदावरी नदी बहुत ही पवित्र नदी है। जिस प्रकार से गंगा एक पवित्र नदी है, उसी तरह से दक्षिण में गोदावरी नदी बहुत पवित्र नदी है। इस नदी के साथ-साथ कई धार्मिक स्थल हैं, जहां पूजा-पाठ होती है। आपने जिस प्रकार से गंगा नदी के लिए 80 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है, उसी प्रकार से हमारी गोदावरी नदी की सफाई और क्लीलिनेस के लिए काम करें। गोदावरी नदी पर जायकवाड़ी डैम बना हुआ है, जिससे सम्भाजी नगर, औरंगाबाद शहर, जालना शहर और अन्य शहरों को पीने का पानी मिलता है। इसके लिए भी नदी स्वच्छ होनी चाहिए। दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा कि गंगा नदी की पूजा-पाठ के लिए जिस तरह से हरिद्वार में घाट है, अन्य जगह घाट है, उसी तरह से पैठन में भी गोदावरी के किनारे घाट होना चाहिए ताकि लोग वहां पूजा-पाठ कर सकें। यह होने से गोदावरी का प्रदुषण कम हो जाएगा और जिस तरह से हमारी गंगा पवित्र नदी है, उसी तरह से गोदावरी नदी भी पवित्र रहेगी। मैं इसके लिए आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा।